सीएम ने गोरखपुर को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के साथ ही 1305 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी

यूपी के युवा नौकरी देने वाले बनेंगे : योगी

गोरखपुर/महाराजगंज/ | हिटी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बनेंगे। प्रदेश सरकार की तरफ से आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मेडिकल-पैरा मेडिकल, प्रौद्योगिकी शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालय व कॉलेजों के विद्यार्थियों को दिए जा रहे टैबलेट और स्मार्ट फोन इसमें मददगार होंगे। इनसे ऑनलाइन एजुकेशन के साथ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में तो मदद मिलेगी ही, स्टार्टअप, मुद्रा, स्टैंडअप आदि ऐसी प्रमुख योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। ये जानकारियां युवाओं को नौकरी तलाशने वाला बनाने के बजाए नौकरी देने वाला बनाएंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर को विश्वस्तरीय वाटर स्पोर्ट्सकॉम्प्लेक्स की सौगात देने के साथ ही 1305 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता। विकास नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का कारक होता है। गोरखपुर और प्रदेश के बारे में नकारात्मक धारणा बदलने में कामयाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' मंत्र से मिली। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के बड़े किए गए। खाद कारखाना खुला, एम्स बना, मेडिकल कॉलेज बने, चीनी मिलें खुली, नए एयरपोर्ट बने हैं। ये सभी कार्य समग्र विकास से जुड़ते हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई और व्यापक निवेश भी हुआ है।

वाटर स्पोर्ट्स की मिलेगी ट्रेनिंग, पारंगत होंगे युवाः मुख्यमंत्री कहा कि 2022 के आगमन के पहले गोरखपुर को करीब 1850 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उपहार मिला है। इनमें सबसे खास है वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स। इसमें मनोरंजन के साथ युवा वाटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में बेहतरीन तरीके से पारंगत होंगे। यह जल क्रीड़ा के लिए ट्रेनिंग का भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले तक हर दूसरे-तीसरे दिन प्रदेश में दंगा होता था। बाहर का कोई व्यक्ति यहां आकर निवेश नहीं करना चाहता था। 2017 के बाद बदलते यूपी को सबने देखा है। सरकार ने नौकरी में योग्यता के आधार पर पूरी पारदर्शिता से बिना भेदभाव अवसर दिया है। राज्य में 4:30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। 1.61 करोड़ को अन्य रोजगार और 60 लाख परिवारों को स्वतः रोजगार से जोड़ा गया।

महाराजगंज में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

श्री कृष्ण की मुरली को सरकार ने ब्रांड बनाया

पीलीभीत। गुजरात के जामनगर की सबसे लंबी बांसुरी का रिकॉर्ड तोड़ने वाली पीलीभीत की विश्व विख्यात बांसुरी को सदर विधायक संजय गंगवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा। बांसुरी के काम को दुनिया के मंच तक पहुंचाने में सरकार के प्रयासों को मुख्यमंत्री ने सामने रखा। कहा कि आपकी मुरली को भगवान कृष्ण ने पांच हजार वर्ष पूर्व मान्यता दी। पिछली सरकारों ने इसे भुला दिया। भाजपा सरकार ने बांसुरी को ब्रांड बना दिया। इससे पीलीभीत को विश्वस्तरीय पहचान मिली। जन विश्वास यात्रा की जनसभा में बांसुरी को ओडीओपी में शामिल करने के बाद लगातार शासन व प्रशासन के स्तर से हुए प्रयासों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से सराहा।

विपक्ष पर निशाना

- महराजगंज के फरेंदा में जन विश्वास यात्रा में पहुंचे मुख्यमंत्री ने विपक्षियों को लिया निशाने पर
- यूपी की सरकार ने पारदर्शी तरीके से प्रदेश में चाढ़े लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी
- सपा सरकार में वैकेन्सी निकलने पर चाचा-भतीजे की झोली खुल जाती थी

सपा-बसपा, कांग्रेस को बुलडोजर से दर्द

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के बुलडोजर से तकलीफ सपा, कांग्रेस व बसपा को होती है। पिछली सरकारें अपना घर भरती थीं। भाजपा सरकार में योजनाओं का लाभ गरीबों के घर तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री गुरुवार को महराजगंज में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने जनसभा में सपा, बसपा और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। कहा कि पिछली सरकार ने प्रदेश को अराजकता और दंगे की आग में झोंक दिया था। आज कोई दंगा नहीं कर सकता। यदि दंगा करेगा तो सात पीढ़ियां इसकी भरपाई करते-करते थक जाएंगी।

मेडिकल कॉलेज का तोहफा दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने नए साल पर महराजगंज को एक मेडिकल कालेज का तोहफा दिया है। इसकी स्वीकृति दी जा चुकी है। यह पीपीपी मॉडल पर बनेगा। इस पर तेजी से कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पहले ही गोरखपुर में एम्स का उद्घाटन कर दिया है। कुशीनगर में निर्माण कार्य चल रहा है। अब महराजगंज में भी मेडिकल कालेज के निर्माण की स्वीकृति भी सरकार ने दे दी है।